वर्ष- 3 , अंक- 132
छपरा
14 अप्रैल मंगलवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live


अशोक गिरी, बस ड्राइवर


युनूस, दूल्हे का पिता


बबलू


यूसुफ


सोनू


मुन्ना

हादसों का सोमवार :

# 6 लोगों की मौत ने छीनी खुशियां, बेटी के निकाह से पहले उठा पिता का जनाजा

## हापुड़ में बस को टक्कर मारकर उसी पर पलटा ट्रक

**हापुड़,एजेंसी।** यूपी के हापुड़ में रविवार देर रात 1.30 बजे बारातियों से भरी बस को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 5 बारातियों समेत 6 की मौके पर मौत हो गई। 7 गंभीर हैं। बारात गाजियाबाद के डासना से बुलंदशहर के गुलावठी गई थी। बस में कुल 13 बाराती थे। बाकी दूसरी कारों से पीछे आ रहे थे। शादी के बाद वापस लौटते वक्त बस रोड किनारे खड़ी थी। रास्ता काफी सकरा था। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बस को टक्कर मार दी। टक्कर



के बाद रोड की ढलान पर पहले बस पलटी, फिर बेकाबू ट्रक भी उस पर पलट गया। भारी भरकम ट्रक के पलटने पर बस पिचक गई। बस की छत उखड़कर अलग हो गई। बाराती अंदर दब गए। चीख-पुकार मच गई। पीछे आ रहे बारातियों ने पुलिस को सूचना दी। बस के शीशे तोड़कर कुछ लोगों को बाहर निकाला गया। कुछ बाराती इस कदर फंस गए थे कि गाड़ी को गैस कटर से काटकर उनको रेस्क्यू किया गया। घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसा हापुड़ जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर धौलाना थाने में धौलाना-गुलावठी रोड पर हुआ।

महाराष्ट्र के ठाणे में सड़क हादसा

## 11 की मौत:मृतकों में 3 महिलाएं, 2 की हालत गंभीर; वैन से टकराया सीमेंट मिक्सर ट्रक

**ठाणे,एजेंसी।** मुरबाड के तहसीलदार अभिजीत देशमुख ने बताया कि वैन में सवार कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है। वहीं अन्य दो घायलों को उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ठाणे में भीषण सड़क हादसा, सीमेंट मिक्सर से टकरा गई वैन; 11 लोगों की दर्दनाक मौत महाराष्ट्र के ठाणे में सोमवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया है। जानकारी के मुताबिक यहां एक पुल पर सीमेंट मिक्सर से वैन की टक्कर में 11 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल भी हो गए। पुलिस ने बताया कि कल्याण से मुरबाड जा रही वैन पुल के एक तरफ से आ रही थी, तभी उसकी टक्कर सामने से आ रहे एक सीमेंट मिक्सर से हो गई। जिला ग्रामीण पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हादसा मुरबाड के गोविली गांव में रायता पुल पर सुबह करीब 10.45 बजे हुआ। वहीं मुरबाड के





तहसीलदार अभिजीत देशमुख ने बताया कि वैन में सवार कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है और दो घायलों को उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों में से छह लोगों की पहचान हो गई है और अन्य लोगों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि मृतकों में आठ पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं।


# गुजरात में ट्रक ने श्रद्धालुओं को कुचला, 7 की मौत

● राजकोट से सभी लोग पैदल बहुचराजी माता मंदिर जा रहे थे, 4 घायलों की हालत भी गंभीर

**सुरेंद्रनगर,एजेंसी।** गुजरात के सुरेंद्रनगर में सोमवार सुबह लखतर-विरामगाम नेशनल हाईवे पर एक ट्रक ने पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। घायलों को सुरेंद्रनगर के अलग-अलग हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। घायलों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। राजकोट से बहुचराजी माता मंदिर



जा रहे थे लखतर पुलिस इंस्पेक्टर योगेश पटेल ने बताया कि घटना लखतर-विरामगाम हाईवे पर रात करीब रात करीब



1:30 बजे हुई। तीर्थयात्रियों का एक ग्रुप पैदल राजकोट से बहुचराजी माता मंदिर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने सभी को कुचल दिया। हादसे में छह तीर्थयात्रियों और सड़क किनारे खड़े एक डंपर के ड्राइवर की मौत हो गई। मृतकों में 5 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं।फरार ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। एक श्रद्धालु ने बताया- राजकोट के दत्ता गांव से ठाकर के दर्शन करने के बाद हम लोग राजबाई मानी का झंडा फहराने के लिए विरामगाम जा रहे थे।

## नोएडा- फैक्ट्री कर्मचारियों का प्रदर्शन, 10 गाड़ियों में आग-तोड़फोड़

पुलिस की गाड़ी पलटी, पथराव; कई थानों की फोर्स तैनात, आंसू गैस के गोले दागे



**नोएडा,एजेंसी।** नोएडा में सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे फैक्ट्री कर्मचारियों का प्रदर्शन सोमवार सुबह हिंसक हो गया। सुनवाई न होने से कर्मचारी उग्र हो गए। सड़क पर उतर आए और पथराव किया। कई गाड़ियों और बसों को आग लगा दी।

पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो उनकी गाड़ी पलट दी। हालात बिगड़े तो जिले के कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस ने कर्मचारियों को रोकने की कोशिश की तो उन पर पथराव कर दिया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। घटना नोएडा फेज-2 की है।

पुलिस के मुताबिक नोएडा का फेज-2 इलाका इंडस्ट्रियल एरिया है। यहां मदरसन, ऋचा ग्लोबल, रेनबो, पैरामाउंट, एसएनडी और अनुभव कंपनियों के कर्मचारी सैलरी बढ़ाने को लेकर पिछले 3 दिन से प्रदर्शन कर रहे थे। करीब 500 से ज्यादा कर्मचारी मदरसन कंपनी के बाहर जुटे थे।

## छत्तीसगढ़ में पांच लाख की इनामी नक्सली 'रूपी' मुठभेड़ में ढेर

**कांकेर,एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सोमवार सुबह नक्सल प्रभावित छोटेबेठिया क्षेत्र के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच लाख रुपये की इनामी प्रतापपुर एरिया कमेटी मेंबर कैडर की सक्रिय महिला नक्सली 'रूपी' मारी गई। पुलिस ने घटनास्थल से उसका शव बरामद कर लिया है। मौके से एक रिवाल्वर भी बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों को छोटेबेठिया इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद विशेष टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। जंगल में घेराबंदी के दौरान नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने भी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में महिला नक्सली रूपी मारी गई। यह घटना सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को सशस्त्र माओवादियों से मुक्त घोषित किए जाने के ठीक 12 दिन बाद सामने आई है।कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि नक्सलियों को बार-बार आत्मसमर्पण का अवसर दिया गया । मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन और तेज कर दिया गया है। उन्होने कहा कि क्षेत्र में अन्य नक्सलियों की मौजूदगी हो सकती है, जिन्हें पकड़ने या निष्क्रिय करने के लिए अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग हिंसा का रास्ता नहीं छोड़ेंगे, उनके खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



नारी शक्ति वंदन सम्मेलन

# नया इतिहास रचने वाली है भारतीय संसद, पीएम मोदी

मोदी महिलाओं से बोले- गृहस्थ नहीं, लेकिन जानता सब हूं : हमारी योजनाओं से औरतें आर्थिक रूप से ताकतवर बनीं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाया है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के विज्ञान भवन में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में पहुंचे पीएम मोदी ने नारी शक्ति की सराहना की।

पीएम मोदी ने 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा, 'देश की विकास यात्रा के इन अहम पड़ावों के बीच भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक निर्णय लेने जा रहा है। मैं बहुत जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि 21वीं सदी के महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक महत्वपूर्ण निर्णय ये है। ये निर्णय नारी शक्ति को समर्पित है। नारी शक्ति वंदन को समर्पित है।

**देश की संसद इतिहास रचने के करीब:** हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। एक ऐसा नया इतिहास, जो अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा, जो भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। एक ऐसे भारत का संकल्प जो समतामूलक हो, जहां सामाजिक न्याय केवल एक नारा न हो, बल्कि हमारी कार्य संस्कृति का, हमारी निर्णय प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा हो। '

पीएम मोदी ने आगे कहा, 'राज्यों की विधानसभाओं से लेकर देश की संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय 16, 17 और 18 अप्रैल है। 2023 में नई संसद में हमने नारीशक्ति वंदन अधिनियम के रूप प्रथम कदम उठाया था। वह समय से लागू हो सके, महिलाओं की भागीदारी हमारे लोकतंत्र को मजबूती दे, इसके लिए 16 अप्रैल से संसद के बजट सत्र की विशेष बैठक का आयोजन होने जा रहा है और उससे पहले आज नारीशक्ति वंदन का ये कार्यक्रम, इसके जरिए हमें देश की कोटि-कोटि माताओं बहनों का आशीर्वाद मिल रहा है। '



**मैं यहां किसी को उपदेश देने नहीं आया हूं:**अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां किसी को उपदेश देने या जगाने नहीं आया हूं। मैं तो बस इस देश की महिलाओं का आशीर्वाद लेने आया हूं। आप सभी देश के कोने-कोने से आई हैं।

## सोनिया गांधी का दावा- महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन असली मुद्दा

पूछा- चुनाव प्रचार के बीच विशेष सत्र की क्या जरूरत; 16 अप्रैल से बहस



नई दिल्ली,एजेंसी। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को महिला आरक्षण को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने द हिन्दू (अखबार) में लिखा कि पीएम विपक्षी दलों से उन बिलों का समर्थन करने की अपील कर रहे हैं, जिन्हें सरकार संसद के विशेष सत्र में जबरदस्ती पास कराना चाहती है।
उन्होंने लिखा कि यह सब तब हो रहा है जब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। इस जल्दबाजी का सिर्फ एक ही मकसद राजनीतिक फायदा उठाना है।

# 'बंगाल में भय का हिसाब भरोसे से चुकता करेगी जनता', बीरभूम की रैली में बोले अमित शाह



**कोलकाता,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को ममता बनर्जी सरकार पर हमले तेज करते हुए कहा कि बंगाल की जनता चुनाव में बम का जवाब बैलेट और भय का जवाब भरोसे से देने वाली है। बीरभूम जिले के मयूरेश्वर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने दावा किया कि पांच मई को बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

ममता बनर्जी पर सिंडिकेट व माफिया राज स्थापित करने का आरोप लगाते हुए गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा इसको समाप्त करेगी। भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार बंगाल में सिंडिकेट व माफिया राज का अंत करेगी। शाह ने लोगों से आह्वान किया कि ममता को टाटा बाय-बाय कह दो, सिंडिकेट सरगना व कटमनी वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगे।

**चार मई के बाद विकास का नया दौर शुरू होगा**

गृह मंत्री ने कहा कि चार मई के बाद बंगाल में भय की जगह विकास का नया दौर शुरू होगा।

### गुंडों व माफिया को चुन- चुन कर जेल में डालेंगे

लोगों से बेखौफ मतदान करने की अपील करते हुए शाह ने कहा कि 23 मई को ममता का कोई भी गुंडा आपका बाल बांका नहीं कर पाएगा। टीएमसी के किसी भी गुंडे से किसी को डरने की जरूरत नहीं है। भाजपा सरकार बनते ही टीएमसी के गुंडों व माफिया को चुन- चुन कर जेल में डालेंगे। शाह ने कहा कि यह चुनाव घुसपैठियों को निकालने का चुनाव है। उन्होंने पूछा कि क्या ममता बनर्जी और उनका भतीजा ऐसा कर सकती है।

### घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकलेंगे

उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार ने बीएसएफ को भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन तक नहीं दी। शाह ने पार्टी के संकल्प पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने तय किया है कि भाजपा सरकार बनने के 45 दिनों के अंदर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बिना तारबंदी वाले हिस्सों में बाड़ लगाने के लिए जरूरी भूमि बीएसएफ को सौंप दी जाएगी। उन्होंने फिर दोहराया कि भाजपा का वादा है कि न सिर्फ बंगाल से बल्कि पूरे देश से हम घुसपैठियों को चुन- चुन कर बाहर निकलेंगे।

### बंगाल की अस्मिता की रक्षा टीएमसी नहीं कर सकती

उन्होंने आगे कहा कि बंगाल की अस्मिता की रक्षा टीएमसी नहीं कर सकती। कविगुरु रवींद्र नाथ टैगोर की विरासत को यूनेस्को के धरोहर में शामिल करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। बांग्ला को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने का काम मोदी सरकार ने किया।शाह ने आरोप लगाया कि ममता दीदी बहुसंख्यक समाज को डरा रही है। दीदी कह रही हैं कि टीएमसी नहीं रहेगी तो बहुसंख्यक समाज का अस्तित्व नहीं रहेगा। यह कहने वाली आप कौन होती है।
बहुसंख्यक समाज का अस्तित्व आपकी वजह से नहीं है। शाह ने सवाल किया कि आपके शासनकाल में मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई, हिंदुओं को निशाना बनाया गया। रामनवमी त्योहार के दौरान शोभायात्राओं पर हमले हुए, सरस्वती पूजा करने की अनुमति नहीं दी गई, तब आप कहां थी।

### भ्रष्टाचारियों से घोटाले का पाई-पाई का हिसाब लेंगे

शाह ने बंगाल में शिक्षक भर्ती से लेकर नगर निगम में हुए नियुक्तियों में हुए घोटाले, गाय तस्करी, राशन, मनरेगा, पीएम आवास घोटालों आदि का जिक्र करते हुए कड़ी चेतावनी दी। शाह ने कहा कि सारे भ्रष्टाचारियों को कह कर जाता हूं कि भाजपा की सरकार बनने पर घोटाले का पाई-पाई का हिसाब जनता को देना पड़ेगा। जिन्होंने गरीब जनता का हक लूटा है उनसे वापस वसूला जाएगा।

## बंगाल चुनाव से पहले नेताजी के पोते टीएमसी में शामिल

चंद्र कुमार बोले- भाजपा बांटने वाली राजनीति करती है;

**कोलकाता,एजेंसी।** सुभाष चंद्र बोस के पोते और पूर्व बीजेपी नेता चंद्र कुमार बोस टीएमसी में शामिल हो गए। बोस ने राज्य मंत्री ब्रात्य बसु और ञरब्ट सांसद कीर्ति आजाद की मौजूदगी में सत्ताधारी पार्टी जॉइन की। टीएमसी में शामिल होने के बाद चंद्र कुमार ने कहा- आज हम देख रहे हैं कि भाजपा बांटने वाली राजनीति करती है और सांप्रदायिक नफरत फैलाती है। अब हमें भारत को बचाने और बांटने वाली राजनीति का विरोध करने के लिए लड़ना होगा।चंद्र बोस 2016 में भाजपा में शामिल हुए थे और उसी साल भवानीपुर से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वे हार गए।



## भारत बोला-चीन के दिए नाम मनगढ़ंत, अरुणाचल भारत का हिस्सा

झूठे दावे हकीकत नहीं बदलते; चीन ने 9 साल में 89 जगहों के नाम बदले

**नई दिल्ली,एजेंसी।** चीन की ओर से अरुणाचल प्रदेश के स्थानों को फर्जी नाम देने पर भारत ने विरोध जताया है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि ऐसे झूठे दावे जमीन की हकीकत नहीं बदल सकते। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा।

चीन अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के लिए अपने हिसाब से नाम तय करता रहा है और उस पर दावा करता है। भारत ने इस तरह के कदम को खारिज करते हुए कहा कि यह भारत का हिस्सा है। इसमें कोई बदलाव नहीं हो सकता। चीन ने पिछले 9 साल में 89 भारतीय जगहों के नाम बदले हैं।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने यह बयान एक मीडिया सवाल के जवाब में दिया। उन्होंने एक प्रेस नोट जारी करते हुए लिखा कि भारत अपने क्षेत्र के हिस्सों को दिए गए फर्जी नामों को पूरी तरह खारिज करता है। चीन की ओर से ऐसे नाम तय करना शरारती कोशिश है।इधर, चीन ने शिनजियांग क्षेत्र में 'सेनलिंग' नाम से नया काउंटी बनाया है। इसे 26 मार्च को मंजूरी दी गई। यह इलाका काराकोरम क्षेत्र के पास है। जो अफगानिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) की सीमा के करीब स्थित है। काउंटी चीन की प्रशासनिक इकाई होती है, जो जिले जैसी होती है।




## अब देश के आखिरी गांव तक पहुंचेगी रेल, भारतीय रेलवे ने 6000 किमी नई लाइन विस्तार को दी मंजूरी



**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश के आखिरी गांव तक रेल पहुंचाने की दिशा में रेलवे ने एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत भारतीय रेलवे ने 2025-26 में 6000 किमी नई लाइन विस्तार को मंजूरी दी है, जो पिछले साल से 114% ज्यादा है।

# वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई, तीन फरारी गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहरनाथ पुलिस ने फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार के छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी गिरफ्तार आरोपी सोनपुर नगर परिषद के हरिहरनाथ थाना क्षेत्र के निवासी हैं। थानाध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वांछित वारंटी अपने-अपने घरों पर मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई। इस दौरान तीनों आरोपियों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों में मिटू पासवान पिता-स्व भूलन पासवान , दशरथ पासवान व श्रवण पासवान दोनों के पिता स्व कपिलदेव पासवान घर राज बागा मान सिंह, सोनपुर निवासी है.तीनों के खिलाफ पूर्व से न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# राम जानकी पथ पर दो बाइक की टक्कर में सवार घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बहरौली पंचायत भवन के पास एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर दो बाइको की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार सभी घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायल तेजपुरवा गांव निवासी दीनानाथ सिंह का 30 वर्षीय पुत्र सरोज कुमार और प्रियंका कुमारी हैं। घायलों ने बताया कि बाइक सवार भगीनी को पहुंचाने दीदी के घर सिवान मशरक के रास्ते जा रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि बहरौली पंचायत भवन के पास सड़क घुमावदार हैं और बाइक सवार तेजी में थे जिससे दोनों बाइक सवार में आमने-सामने टक्कर हो गई।

# उर्वरक के संतुलित उपयोग के लेकर किसान प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** आत्मा,कृषि विभाग द्वारा सोनपुर प्रखण्ड क्षेत्र के किसानों के लिए उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग पर एक दिवसीय प्रशिक्षण अनुमंडल कार्यालय स्थित किसान भवन परिसर में कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देना एवं कृषि उत्पादन में वृद्धि करना था। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मिट्टी की जांच के आधार पर उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की जानकारी दी। तकनीकी प्रबंधक कनकलता ने उपस्थित किसानो को बताया कि रासायनिक खाद का अधिक उपयोग भूमि की उर्वरा शक्ति को कम करता है, इसलिए जैविक खाद एवं रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को धान, गेहूं एवं अन्य फसलों में सही मात्रा में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश के प्रयोग की विधि बताई गई। साथ ही समय पर सिंचाई, बीज उपचार एवं कीट नियंत्रण के उपायों की भी जानकारी दी गई। मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, उर्वरकों की उचित मात्रा एवं उपयोग की सही विधि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व और फसलों के अनुसार पोषक तत्वों की आवश्यकता के बारे में भी बताया गया।अधिकारियों ने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से बचने की सलाह दी और जैविक एवं समेकित पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान यूरिया, डीएपी एवं पोटाश के सही प्रयोग की व्यावहारिक जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम में उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से किसानों को बेहतर उत्पादन प्राप्त करने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में मदद मिलती है। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं अनुदानों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने कृषि विशेषज्ञों से अपनी समस्याएं साझा कीं, जिनका समाधान मौके पर किया गया। किसानों ने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए समय-समय पर आयोजन कराने की मांग की।इस कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिनव यादव, सहायक तकनीकी प्रबंधक कनकलता कुमारी,सहायक तकनीकी प्रबंधक रविवाला सोनी,कृषि समन्वयक रामजीत पंडित,संतोष कुमार महतो, कृषि सलहकार धीरज कुमार,कृषि सखी नूरा खातून एवं आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और दी गई जानकारी को उपयोगी बताया।

# डोरीगंज में जिला खनन इंस्पेक्टर ने तीन ट्रक को किया जप्त, तीन चालक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण जिला खनन इंस्पेक्टर अमिर हमजा एम ए एवं डोरीगंज थानाध्यक्ष राज शेखर के द्वारा बीते रात्री में अवैध बालू खनन, भंडारण,परिवहन के रोक थाम हेतु पुलिस बल के सहयोग से महुआ घाट नंबर -7 में छापेमारी की गई जहां से बालु चोरी करने के क्रम में बीन टोंकन अवैध बालु एक 12 चक्का ट्रक रजिस्ट्रेशन नंबर श्च53ष्ठज्ञ/8687 एवं बीन टोंकन एक 14 चक्का रजिस्ट्रेशन नंबर श्च51ज्ञ/5467 एक 18 चक्का ट्रक रजिस्ट्रेशन नंबर ब्क्र28तक्क/7504 को बालु के समीप से खाली खड़ी दोनों ट्रक को जब्त कर एक साथ तीन ट्रकों को जप्त किया गया तथा मौके से तीन चालक को गिरफ्तार निरज तिवारी पिता बच्चा तिवारी ग्राम कर्णपटी थाना सेवराहि जिला कुशिनगर उत्तर प्रदेश, सुशील कुमार चौरसिया पिता देवकुमार चौरसिया ग्राम गोमहारी थाना बैकुंठपुर जिला गोपालगंज बिहार,राजन कुमार यादव पिता राजेश्वर राय ग्राम गोमहारी थाना बैकुंठपुर जिला गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार कर डोरीगंज थाना लाया गया और जप्त ट्रक मालिक एवं गिरफ्तार चालक पर बिहार खनिज अधिनियम के तहत सारण जिला खनन इंस्पेक्टर अमीर हमजा एम ए के द्वारा दी गई लिखित आवेदन पर डोरीगंज थानाध्यक्ष राज शेखर ने प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार तीनों चालक को छपरा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और जप्त तीनों ट्रकों को थाने में जप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रक की चपेट में आने से विकलांग व्यक्ति की मौत ,घर में पसरा मातम

**दैनिक खोज खबर/नगरा।** थाना क्षेत्र के अरवा प्लांट के पास सोमवार को एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय विकलांग व्यक्ति की मौत हो गई.मृतक की पहचान रसूलपुर गांव निवासी स्वर्गीय रामनाथ सिंह के पुत्र अकलू सिंह के रूप में हुई है.बताया गया कि अकलू सिंह अपनी ट्राई साइकिल से सड़क किनारे होकर अपने घर जा रहे थे.इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया,जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए.घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया.वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया.जहां अकलू सिंह ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया.मृतक अपने पीछे पत्नी सुधा देवी, तीन पुत्रियां (निधि कुमारी, अंजली कुमारी, चांदनी कुमारी) और एक पुत्र (अनंत कुमार) छोड़ गए हैं.वहीं नगरा पंचायत के सरपंच ओमप्रकाश शर्मा और समाजसेवी प्रमोद सिंह ने बताया कि मृतक आकलू सिंह फुटपाथ पर टायर पंचर का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे.उन्होंने इस घटना के लिए कटेसर-रसूलपुर मुख्य मार्ग पर बेतरतीब खड़े वाहनों को जिम्मेदार ठहराया.सरपंच और समाजसेवी ने कहा कि इस सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं.उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उक्त मार्ग पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी बड़ी घटनाओं को रोका जा सके.

# नगरा चिकित्सा प्रभारी का तीन वर्ष पुरानी ऑडियो क्लिप हुई वायरल, मामले में दी प्रतिक्रिया

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा के एक अधिकारी से जुड़ा कथित ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया.वायरल ऑडियो को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं.हालांकि इसी बीच मामले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है. जिसमें नगरा के चिकित्सा प्रभारी डॉ. महेंद्र मोहन ने सफाई देते हुए कहा कि वायरल ऑडियो करीब तीन वर्ष पुराना है और इसे अस्पताल के ही एक स्टाफ के द्वारा बदनाम करने की मंशा से दोबारा वायरल किया गया है.उन्होंने बताया कि यह मामला पहले ही सुलझाया जा चुका है और वर्तमान में इसका कोई आधार नहीं है.उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में संबंधित लोगों के खिलाफ थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है तथा मामले की जांच कराई जा रही है.वहीं विभाग द्वारा पूरे मामले पर नजर रखी जा रही है.

# देश विदेश से आए हुए साधु संतों के द्वारा हरिहरनाथ के कालिघाट स्थल से

## हरिहरनाथ –मुक्तिनाथ सांस्कृतिक यात्रा का किया गया शुभारम्भ

**देश-विदेश से सोनपुर के कालीघाट पधारे साधु-संत**

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोमवार की संध्या हरिहर क्षेत्र की पावन भूमि स्थित कालीघाट पर देश-विदेश से आये साधु संतों ने हरिहरनाथ मुक्तिनाथ सांस्कृतिक यात्रा का शुभारंभ किया।इस मौके पर उपस्थित साधु संतो व आमजनों को संबोधित करते हुए केन्द्रीय खनन कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि यह यात्रा भारत और नेपाल के सांस्कृतिक एवं पौराणिक यात्रा है। क्योंकि नेपाल और भारत का पूर्व से ही अच्छा संबंध रहा है और यात्रा निकाली जाती है। जिससे भारत और नेपाल का सांस्कृतिक सभ्यता सामाजिक समरसता बना रहे हैं। वहीं लोक सेवा आश्रम के संत शिरोमणि व उदासीन पीठ के महंत मौनी बाबा ने कहा कि यह यात्रा निकलने से भारतीय सनातनी के लिए ऐतिहासिक पल होता है। और सोनपुर के लिए सौभाग्य का बात जो यह हरिहर नाथ मुक्तिनाथ सांस्कृतिक यात्रा सोनपुर बाबा हरिहर से निकालता है और तीनो क्षेत्रों में जो एक क्षेत्र बाबा हरिहर श्रेत्र है। वही परम पूज्य जगतगुरु रामानुजाचार्य लक्ष्मानाचार्य जी महाराज ने कहां कि बाबा हरिहरनाथ की पावन भूमि जहां स्वयं विष्णु और भगवान शिव विराजमान हैं। जहां से यात्रा की शुरुआत होती है। मुक्तिनाथ में भी साक्षात रुप से भगवान शिव और बिष्णु जी विराजमान हैं। जो हम सभी सोनपुर वासियों और पूरे सनातनी के लिए सौभाग्य कि बात है। वहीं धर्मजागरण के प्रान्त संयोजक विजय यादव ने कहां कि यहां यात्रा निकलने का मुख्य कारण है कि भारत और नेपाल के बीच बेटी रोटी का संबंध है। कार्यक्रम में आध्यात्मिक एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।जिसमे उपस्थित सभी साधु संतों एवं अतिथियों का सम्मान किया गया तथा समाज में एकता, सेवा और संस्कारों को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया गया। इस कार्यक्रम संचालन करते भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रिय प्रभारी डॉ आशुतोष कुमार ने कहां इस यात्रा का सोनपुर से कल सुबह में बाबा हरिहरनाथ का पूजा अर्चना करते सुबह 7 बजे सोनपुर से प्रस्थान करेगा।इस कार्यक्रम मुख्य रूप पटना, वैशाली, सारण जिले सहित अन्य जिले के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में साधु संतों और जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगो की उपस्थिति रही। इस अवसर पर परम पूज्य संतों में परम पुज्य जगतगुरु वामानुजाचार्य रंगवायाचार्य जी महाराज (नवादा), प्रश्रम पुज्य मौनी बाबा (लोकसेवा आश्रम, सोनपुर), जगतगुरु रामानुजाचार्य लक्ष्मणाचार्य जी महाराज (सोनपुर), धनुष कुटी आश्रम सोनपुर संत बालक बाबा, परमपुज्य सत्यप्रकाश जी महाराज एवं उषा बाई (भागलपुर),प्रतिपुज्य महामंडलेश्वर विश्वमोहन दास जी महाराज (पातेपुर, वैशाली),परम पुज्य सत्येन्द्र दास वेदान्ती जी महाराज (उत्तर प्रदेश),परम पुज्य ब्रह्मचारी रामानुजाचार्य सीताकाल सदन जी महाराज (अयोध्या), रामनरेश दास जी महाराज,महामंडलेश्वर शिवेश्वर महादेव भारती, प्राणदेवली महाराज तथा नरेंद्र शरण जी महाराज (अयोध्या) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया, जिनमें संजय सरावगी (प्रदेश अध्यक्ष भाजपा), संतोष चंद्र दुबे (केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, कोयला एवं खान मंत्रालय, भारत सरकार), जगन्नाथ सिंह (कनिष्ठ अभियंता, पटना उच्च न्यायालय), प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता (उपनेता, बिहार विधान परिषद), संतोष सिंह (पूर्व मंत्री, बिहार सरकार एवं सदस्य, बिहार विधान परिषद), अरुणेश मेहरा (पूर्व मंत्री एवं विधायक, अमनौर), अवधेश सिंह (विधायक, हाजीपुर), छोटी कुमारी (विधायक, छपरा) सहित अन्य प्रमुख लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विनोद सिंह सम्राट (बिहार सांस्कृतिक विकास परिषद), अजीत कुमार (यात्रा आयोजन समिति संयोजक), ज्ञानेन्द्र सिंह टूनटुन (कार्यक्रम समन्वयक), राकेश सिंह (सांसद प्रतिनिधि), प्रमोद कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, विजय यादव (प्रांत संयोजक), अभिषेक कुमार सिंह, लालबाबू पटेल, यशवंत कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।





# सिहोरिया प्रीमियर लीग सीजन–1 का फाइनल शुरू, खिलाड़ियों में उत्साह चरम पर

**दैनिक खोज ख़बर/बनियापुर (सारण)।** बनियापुर थाना क्षेत्र के सिहोरिया गांव में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सिहोरिया प्रीमियर लीग (सीजन-1) का फाइनल मुकाबला धूमधाम के साथ शुरू हो गया। फाइनल मैच को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस टूर्नामेंट का आयोजन कौशल मांझी (वार्ड सदस्य) के नेतृत्व में किया गया है, जिसमें क्षेत्र की कई टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मुकाबले के शुभारंभ अवसर पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह के बड़े बेटे त्र्हुराज सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। इस दौरान मुखिया प्रत्याशी नरेंद्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि प्रभु मांझी, सरपंच दारा सिंह, अमन सिंह, प्रिंस सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि नकुल सिंह, बोलबम सिंह तथा राजकुमार ओझा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। वहीं आयोजन समिति द्वारा दर्शकों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे मैच का आनंद और भी बढ़ गया है।



# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार, दो वाहन बरामद



**दैनिक खोज खबर/नगरा।** खैरा थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे सघन वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है.गिरफ्तार युवक की पहचान हरेराम के टोला निवासी उपेंद्र राय के पुत्र रोहन कुमार के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार पुलिस ने ब्रिज के नीचे चेकिंग के दौरान उसे एक स्प्लेंडर बाइक के साथ पकड़ा.पूछताछ के दौरान संदेह गहराने पर उसकी निशानदेही पर चक्सरफ गांव से एक अपाची बाइक भी बरामद की गई, जिसे भी चोरी का बताया जा रहा है.वहीं खैरा थानाध्यक्ष अखिलेश पासवान ने बताया कि गिरफ्तार युवक के खिलाफ पूर्व में भी दो मामले दर्ज हैं.फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

# जनगणना 2027 को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखण्ड अंतर्गत भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य को लेकर सोमवार से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन चार्ज पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरोमा मोदी, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी केशव कुमार एवं अपर चार्ज पदाधिकारी सह प्रखण्ड सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बीडीओ अरोमा मोदी ने कहा कि जनगणना देश के विकास और योजनाओं के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए इसमें नियुक्त सभी कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से कार्य करना होगा।यह प्रशिक्षण चार बैचों में आयोजित किया जा रहा है, ताकि सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षित किया जा सके। पहला बैच 13 अप्रैल से 15 अप्रैल तक, दूसरा बैच 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक, तीसरा बैच 19 अप्रैल से 21 अप्रैल तक तथा चौथा बैच 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक संचालित होगा। प्रत्येक बैच में जनगणना कार्य की तकनीकी प्रक्रिया, सर्वेक्षण पद्धति, डिजिटल डाटा एंट्री, मकानों की सूचीकरण प्रक्रिया तथा मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़ों के संकलन की जानकारी दी जाएगी।

# सेवानिवृत्त शिक्षिका को दी गई भावभीनी विदाई

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र स्थित कन्या मध्य विद्यालय, मशरक में सोमवार को सेवानिवृत्त शिक्षिका अहिल्या देवी के सम्मान में शिक्षक सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का माहौल भावुक रहा, जहां शिक्षकों, छात्राओं और उपस्थित लोगों ने उनके योगदान को याद कर सराहना की।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक नरेन्द्र कुमार सिंह ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अहिल्या देवी का शिक्षण कार्यकाल अत्यंत उत्कृष्ट, अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने अपने लंबे सेवा काल में न केवल छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों, अनुशासन और आत्मविश्वास का भी विकास किया। उनकी शिक्षण शैली सरल, सहज और प्रभावशाली रही, जिससे छात्राएं शिक्षा के प्रति सदैव प्रेरित होती रहीं।



प्रधानाध्यापक ने कहा कि एक शिक्षक का योगदान केवल विद्यालय तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अहिल्या देवी ने अपने कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और सेवा भाव से समाज में एक आदर्श स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति एक औपचारिक प्रक्रिया है, लेकिन एक शिक्षक जीवनभर अपने अनुभव और ज्ञान से समाज को दिशा देता रहता है। समारोह के दौरान अन्य शिक्षकों एवं कर्मियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अहिल्या देवी का व्यवहार अत्यंत मिलनसार और सहयोगी रहा है। वे हमेशा विद्यार्थियों के हित में कार्य करती रहीं और हर परिस्थिति में विद्यालय के विकास के लिए तत्पर रहीं। उनके मार्गदर्शन में कई छात्राओं ने शैक्षणिक और नैतिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने भी अपने प्रिय शिक्षिका के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए भावुक शब्दों में अपने अनुभव साझा किए। कई छात्राएं विदाई के क्षण में भावुक हो उठीं। इस दौरान विद्यालय परिसर में एक विशेष माहौल देखने को मिला, जहां सम्मान और विदाई दोनों की भावनाएं एक साथ झलक रही थीं। अंत में विद्यालय परिवार ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उन्हें नई पारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

# प्रांतीय विषय प्रमुख एवं संकुल प्रमुख की आगामी बैठक की तैयारियों का प्रांतीय प्रतिनिधि ने लिया जायजा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सोमवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, दर्शन नगर ,छपरा में आयोजित होने वाला त्री दिवसीय प्रांतीय विषय प्रमुख एवं संकुल प्रमुख बैठक की व्यवस्था की दृष्टि एक मार्गदर्शन प्रांतीय प्रतिनिधि ललित कुमार राय के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,छपरा में दिनांक 17 अप्रैल से 19 अप्रैल 2026 तक प्रांतीय विषय प्रमुख एवं संकुल प्रमुख की बैठक की भव्य आयोजन होने वाला है। इस बैठक में प्रांत के विभिन्न भागों से लगभग 250 प्रतिनिधियों की सहभागिता होने वाली है। इस बैठक के सफल एवं भव्य आयोजन हेतु प्रांतीय प्रतिनिधि ललित कुमार राय ( विभाग निरीक्षक, चंपारण) के निर्देशन में संपन्न हुई। व्यवस्था की दृष्टि से विभिन्न विभागों को आचार्य - बंधु भगिनी एवं कर्मचारियों के बीच बंटवारा कर जिम्मेदारियों का एहसास कराया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार के निर्देशन में कार्यक्रम प्रमुख मणि भूषण सिन्हा पूरे विभागों को निर्देशित करते हुए आयोजन को सफल बनाने हेतु प्रयासरत दिखे। आयोजन को सफलभूत बनाने की योजना को विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद यादव, सचिव सुरेश प्रसाद सिंह, प्रधानाचार्य विनोद कुमार, आचार्य बंधु -भगिनी की उपस्थिति में ललित राय ( विभाग निरीक्षक, चंपारण) एवं अनिल कुमार राम (विभाग निरीक्षक,सिवान) ने पत्रकारों के बीच में स्पष्ट रूप से बताया। इस बैठक में विद्यालय के मीडिया प्रभारी अनिल कुमार आजाद,आचार्य राजेश कुमार पाठक, राजेश कुमार, आशुतोष कुमार,दर्शना सिंह, नीलू कुमारी, स्वाति सिंह,प्राची,संगीता कुमारी प्रकाश,मनीष सिंह,विशाल सिंह, दिलीपपति तिवारी,रिचा गुप्ता,अंजली सैनी तथा अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



# जनगणना : जिले के 13 चार्जों में शुरू हुआ प्रगणक व पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** जनगणना में प्रगणक और पर्यवेक्षक के रूप में आपकी भूमिका क्या है. मकान सूचीकरण ब्लॉक क्या है. भवन की क्या परिभाषा है. भवन की नंबरिंग कैसे की जाती है. नजरी नक्शा क्या है आदि प्रश्न जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा प्रतिनियुक्त जिला समन्वयक सह स्टेट ट्रेनर अदिति आनंद व आयुषी सिंह ने विभिन्न प्रखण्डों में आयोजित प्रगणक व पर्यवेक्षक के प्रशिक्षण का अनुश्रवण के दौरान प्रशिक्षुओं से पूछ कर उनका मूल्यांकन किया. उन्होंने तरैया, मढ़ौरा, नगरा व सदर का दौरा किया. इस दौरान एसडीएम सदर सह वरीय प्रभारी पदाधिकारी नीतेश कुमार ने गरखा में प्रशिक्षण का निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य आगामी दो मई से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है. इस महत्वपूर्ण एवं व्यापक प्रशासनिक कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह गम्भीर है. कार्य को त्रुटि रहित और सम्बध्द तरीके से संपन्न करने के लिए प्रशिक्षण अच्छे ढंग से किया जाना चाहिए. जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अंजनी कुमार लाल ने नगरा में प्रशिक्षण का दौरा किया. उन्होंने बताया कि आज दिनांक 13 अप्रैल से प्रशिक्षण कार्यक्रम सोनपुर, दरियापुर, परसा, अमनौर, मढ़ौरा, नगरा, छपरा सदर, माँझी, एकमा, बनियापुर, पानापुर, तरैया व गरखा कुल 13 चार्ज में शुरू किया गया है. जबकि 16 अप्रैल से सभी 30 चार्ज में प्रशिक्षण प्रारंभ हो जाएगा. इन सभी स्थानों पर बड़ी संख्या में चयनित कर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है. ताकि



जनगणना कार्य के प्रत्येक पहलू को भली-भांति समझा जा सके. अपर जिला जनगणना अधिकारी सह डीआईओ तारणी कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई जा रही है. इसके अंतर्गत घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करने की विधि, निर्धारित प्रपत्रों को सही ढंग से भरने के तरीके, तथा डेटा संकलन में गोपनीयता, पारदर्शिता एवं सटीकता बनाए रखने के उपायों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. इसके अतिरिक्त डिजिटल माध्यम से गणना के लिए प्रतिभागियों को मोबाइल ऐप्लिकेशन एचएलओ की भी जानकारी दी जा रही है. स्टेट ट्रेनर सह डीसीएलआर आलोक राज ने कहा कि प्रशिक्षण में यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अपने दायित्वों को गंभीरता से समझें और कार्य के दौरान आवश्यक सावधानियों का पालन करें. इसमें नागरिकों से विनम्र व्यवहार, गोपनीयता बनाए रखना, तथा सही एवं प्रमाणिक जानकारी प्राप्त करना प्रमुख बिंदु हैं. कर्मियों को यह स्पष्ट किया गया है कि जनगणना के दौरान प्राप्त सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी और इसका उपयोग केवल सरकारी योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में किया जाएगा. जिलाधिकारी के आदेशानुसार जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी अपने प्रखण्डों के अधीन चार्जों में आयोजित प्रशिक्षण कार्य की सतत निगरानी की जा रही है. ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता उच्च स्तर की बनी रहे और सभी कर्मी पूर्ण दक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें. यह प्रयास किया जा रहा है कि जनगणना का यह चरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर एवं त्रुटिरहित तरीके से पूरा किया जाए. वहीं प्रशिक्षण से अनुपस्थित लोगों पर तत्काल शोकॉज किया जा रहा है.

## कुत्ता के काटने से बंदर की मौत

**सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के परमानंदपुर वार्ड नंबर 10 में स्थित वार्ड सदस्य नागेंद्र राय के घर के नजदीक अचानक सोमवार के दिन कुत्ता ने एक बंदर को काटकर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। इस घटना की जानकारी वन विभाग के कर्मियों को दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद जब तक वन कर्मियों पहुंचते तब तक बंदर ने दम तोड दिया।

## ससुराल वालों की प्रताड़ना से आजिज विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**मायकेवालों ने अपाची बाइक के लिए हत्य ा का लगाया आरोप**

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** थाना क्षेत्र के बिजौली गांव में रविवार की रात एक विवाहिता ने ससुरालवालों की प्रताड़ना से तंग होकर फांसी लगाकर अपनी जान दें दी. मृत महिला बबलू महतो की 20 वर्षीया पत्नी अनिता देवी बतायी जाती है.घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची एवं फंदे से लटकते शव को कब्जे में कर लिया. हालांकि इस दौरान मृतका के ससुराल वाले घर छोड़कर फरार थे. सूचना पाकर मृतका के मायके वाले पहुँचे एवं शव देख दहाड़ मारकर रोने लगे.पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करा उसे मृतका के मायकेवालों को सौंप दिया. मृतका के पिता गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के खोम्हारीपुर गांव निवासी अच्छेलाल महतो ने बताया कि मैंने अपनी पुत्री की शादी 25 नवंबर 2024 को बबलू महतो के साथ की थी एवं दहेज मे लगभग 5 लाख का सामान दिया था. शादी के कुछ दिनों बाद ही अपाची बाइक के लिए मेरी पुत्री को ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा. मेरा दामाद बाहर रहता है लेकिन फोन द्वारा मेरी पुत्री को हमेशा प्रताड़ित करता था. वही मेरी पुत्री की सास एवं देवर उसके साथ मारपीट करते थे.सभी ने मिलकर मेरी बेटी की जान ले ली है. हालांकि इस मामले में मृतका के मायकेवालों द्वारा स्थानीय थाने में अबतक आवेदन नहीं दिया गया है. थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है.

## बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में दस घर जलकर राख

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** थाना क्षेत्र के रामपुररूद्र टोले 161 में सोमवार की दोपहर बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में दस झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गए. मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर करीब दो बजे बिजली के शार्ट सर्किट से एक घर में आग लग गयी एवं तेज पछुआ हवा के कारण देखते ही देखते पूरी बस्ती को अपनी आगोश में ले लिया. आग की विभीषिका इतनी न तेज थी कि पास जाने की किसी की हिम्मत नहीं हो रही थी. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने से फायरब्रिगेड की गाड़ी पहुंची लेकिन आग बुझाने में वह भी नाकाफी साबित हुआ. इस बीच मढ़ौरा से फायरब्रिगेड की बड़ी गाड़ी पहुंची एवं घंटों मशक्क़त के बाद आग पर काबू पाया. अगलगी की इस घटना में दिलीप सहनी, भूषण सहनी, गोपाल सहनी, भोला सहनी, रामभरोसा सहनी, लालू सहनी, बुलेट सहनी, बलिन्द्र सहनी, किशोर सहनी एवं सत्येंद्र सहनी का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया. अगलगी की इस घटना में कपड़े, अनाज, दो बाइक सहित सभी सामान जलकर राख हो गए वही चार बकरियों की झूलसकर मौत हो गयी. घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, सरपंच प्रतिनिधि केश्वर राय मौके पर पहुँचे एवं सीओ से बात कर पीड़ित परिवारों को सभी सरकारी सुविधा मुहैया कराने का आग्रह किया.

## नगरा प्रखंड में जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**दैनिक खोज खबर/नगरा।** प्रखंड अंतर्गत यादव क्षत्रिय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खोदाईबाग में सोमवार से जनगणना 2027 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम विधिवत शुरू हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज पदाधिकारी अभिनव कुमार एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 13 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु 4 प्रशिक्षकों की तैनाती की गई है, जो 296 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को मकान सूचीकरण, फॉर्म भरने की प्रक्रिया, आंकड़ों की शुद्धता, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा क्षेत्रीय कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 02 मई से 31 मई 2026 तक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 17 अप्रैल से 01 मई 2026 तक वेब पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर राज्य जनगणना पर्यवेक्षक आदित्य आनंद एवं आयुषी सिंह ने एचएलबी को जनगणना की मूल इकाई बताते हुए इसके त्रुटिरहित निर्माण पर विशेष बल दिया। वहीं, बीडीओ अभिनव कुमार ने जनगणना को राष्ट्रीय महत्व का कार्य बताते हुए सभी कर्मियों से इसे समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण करने की अपील की। इस मौके पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अंजनी कुमार लाल, मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, जिला सांख्यिकी जनगणना सेल से विजयेंद्र कुमार विजय,नदीम अहमद,रणजीत कुमार,इकबालू रहमान,राहुल, रोहित, शशि शेखर कुणाल कुमार आईटी सेल के पदाधिकारी एवं नजीर उपस्थित थे।

## बुजुर्ग हत्या मामले में एफआईआर दर्ज, हत्या आरोपी फरार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के मिर्जापुर असोइयां गांव में रविवार को बीती देर शाम को आपसी विवाद के लेकर हुई बुजुर्ग की चाकू घोंप हत्या मामले में मृतक के पुत्र ने एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमें एक व्यक्ति को नामजद किया गया है। नामजद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम छापेमारी कर दबिश बनाए हुए है। घटना के बाद गांव में स्थिति के सामान्य बताई जा रही है, वही एहतियातन पुलिस गश्त कर रही है। बता दें कि रविवार की देर शाम गांव में एक चाय की दुकान पर गेंहू की दवनी के रेट को लेकर आपसी बहस में तनाव इस कदर बढ़ा की गांव का ही एक व्यक्ति ने चाकू से हमला कर एक बुजुर्ग की हत्या कर दी। मामले में मिर्जापुर असोइयां निवासी स्व. हेमन राय के 65 वर्षीय पुत्र अशरफी राय की मौत के बाद मृतक के पुत्र गुड्डू राय ने गांव के जितेन्द्र राय को हत्या आरोपी बनाया है। मामले में फैरेंसिक की टीम ने भी घटना स्थल पर पहुंच जांच की है। मामले में थानाध्यक्ष राज किशोर प्रसाद ने बताया कि मृतक के पुत्र ने गांव के जितेन्द्र राय को आरोपित किया है।

## मढ़ौरा अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर नकदी समेत बिजली मोटर की चोरी



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत पकहा वार्ड 6 में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया और चोरी की घटना को अंजाम देने में सफल रहे। पीड़ित गृहस्वामी दिनेश कुमार सिंह पिताङ्क स्वर्गीय कपिलदेव सिंह ने बताया कि रात में हम सभी ग्राउंड फ्लोर में खाना खा कर ऊपर वाले फ्लोर में सोने के लिए चले गए। इसी बीच चोरों ने घर का रौशनदान और दरवाजा का ताला तोड़कर अंदर के समान चोरी कर फरार हो गए। इस संबंध में पीड़ित दिनेश कुमार सिंह ने मढ़ौरा थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में बताया गया है कि घर का ताला तोड़कर 2200 रुपये नकद और बिजली मोटर की चोरी हुई है। घटना की जानकारी उन्हें सुबह हुई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को लिखित आवेदन दिया।पुलिस आवेदन प्राप्त कर मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं एक बगल में भी निर्माणाधीन मोहम्मद नौशाद के मकान से भी बिजली मोटर की चोरी का मामला सामने आया है। क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं से स्थानीय ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल है।

## एकमा में भीषण सड़क हादसा ~ बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**दैनिक खोज खबर/एकमा(सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में छपराङ्कसिवान नेशनल हाईवे-531 पर माने मठिया गांव के समीप सोमवार अपराह्न एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बाइक पर सवार दो युवक सामने से आ रहे अज्ञात वाहन से टक्कर के बाद गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।बताया गया है कि दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा लाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ. कौशलेंद्र कुणाल ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, छपरा रेफर कर दिया। मृतक की पहचान रसूलपुर थाना क्षेत्र के देवपुरा गांव निवासी प्रताप प्रसाद के 22 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक की पहचान उसी गांव के रामेश्वर साह के 22 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार साह के रूप में की गई है। चिकित्सकों के अनुसार घायल विशाल की हालत भी नाजुक बनी हुई है।घटना की सूचना मिलते ही एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव के निर्देश पर पुलिस मौके पर पहुंची आवश्यक कार्यवाही और जांच में जुट गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिजन थाने एवं अस्पताल पहुंच गए। इस दौरान परिजनों में चीख-पुकार मच गई और माहौल गमगीन हो गया।ग्रामीणों ने बताया कि दोनों युवक बाइक से घायल युवक विशाल कुमार साह की बहन के घर जा रहे थे। इसी दौरान एकमा से दाउदपुर की ओर जाते समय माने मठिया गांव के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया है। वहीं फरार वाहन एवं चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि दोनों युवक अभी पढ़ाई कर रहे थे, जिससे गांव में शोक का माहौल है।

## खेदन प्रसाद औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 15 अप्रैल को कैंपस प्लेसमेंट

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** सरकारी आईटीआई खेदन प्रसाद औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 15 अप्रैल को हीरों? मोटोकार्प लिमीटेड हरिद्वार प्लांट कैंपस प्लेसमेंट के लिए पहुंचेगी। आईटीआई से उत्तीर्ण छात्रों के कैंपस प्लेसमेंट की जानकारी देते हुए नोडल सह प्रभारी, प्राचार्य अमृतोष कुमार ने बताया की आईटीआई उत्तीर्ण छात्र- छात्राएं नियोजन मेला में भाग ले सकते है। नियोजन मेला महिला और पुरुष दोनों अभ्यर्थियों के लिए होगा जिसमें 18 से 26 वर्ष के छात्र और छात्राएं भाग ले सकती है। छात्रों के लिए फीटर, टर्नर, एमएमभी, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मैशनिष्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रिशीयन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक के ट्रेड से आईटीआई पास होना होगा। वही छात्राओं के लिए फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, सीओपीए, मैशनिष्ट, टर्नर, पेंटर, एमएमभी, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, इंस्ट्रुमेंट मेकेनिक, आरएसी, वायरमैन,पीपीओ, सीट मेटल, मेकेनिक एग्रीकल्चर, मेकेनिक स्कूटर का ट्रेड निर्धारित होगा। सरकारी आईटीआई के प्लेसमेंट इंचार्ज नितिश कुमार ने बताया कि आईटीआई स्तर पर सभी तैयारी पुरी की जा रही है।

## रणवीर सिंह को भारतीय क्षत्रिय महासभा का प्रदेश कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष बनाया गया

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** तरैया प्रखंड के अकुचक निवासी रणवीर सिंह को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का प्रदेश कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. पटना के दानापुर क्लब में हुए एक कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर अजय सिंह में उन्हें मनोनय पत्र दिया. उनके मनोनय से रामबाबू सिंह, बिपिन सिंह, राहुल सिंह, विशाल सिंह ,प्रिंस राज, दीपक सिंह ,रंजीत सिंह, मोनू सिंह आदि नेउन्हें बधाईयां दी हैं.

## लोकगायिका निशा उपाध्याय के जन्मदिन पर सारण जिले से दानापुर आवास पर पहुंचे लोग

**भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने बाबा हरिहरनाथ का प्रतीक चिन्ह भेंट कर दी शुभकामनाएं**



**दैनिक खोज खबर/पटना।** भाजपा नेता व प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह ने भोजपुरी लोकगायिका निशा उपाध्याय के जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री सिंह ने लोकगायिका के दानापुर आवास पर उनको बाबा हरिहरनाथ का प्रतीक चिन्ह और प्रसाद खिलाकर जन्मदिन का बधाई और शुभकामनायें दी ।इस अवसर पर लोकगायिका ने केक काटने से पहले सभी आगत अतिथियों से मिली और उनके प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा की यह हमलोग के जिला और प्रदेश के लिए गौरव की बात है इस अवसर पर बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है। मंडल अध्यक्ष मोनू सिंह, युवा मोर्चा सुमंत बाबा, पंचायत समिति मुकेश कुमार, सोनू सिंह, विकास सिंह सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## बाकरपुर-मनिकापुर सड़क एवं पटना-बेतिया एक्सप्रेस-वे निर्माणधीन स्थलों का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अचानक सोमवार को सोनपुर प्रखंड अंतर्गत बाकरपुर के यदुवंशी नगर पहुंचे।मुख्यमंत्री के आगमन की खबर सुनते ही स्थानीय प्रशासनिक महकवे में खलवली मच गई।मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन बाकरपुर-मनिकापुर सड़क एवं पटना-बेतिया एक्सप्रेस-वे से जुड़े कार्य स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा मौजूद अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण योजना है। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद सोनपुर, सारण सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान होगी। निरीक्षण के दौरान पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने गुणवत्ता के साथ समय पर निर्माण कार्य पूर्ण कराने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने पुनः पटना वापस लौट गए।



## गंगा महाआरती में दीपों से जगमग हुआ कालीघाट, बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र के पावन भूमि कालीघाट स्थित मां तारा सेवा निधि महातीर्थ कौनहारा हरिपुर वैशाली के सौजन्य से एवं महाकाल बाबा के द्वारा विधि विधान से नारायणी गंगा एवं सोनभद्र पूजन एवं अर्चकों के शंख ध्वनि के साथ गंगा महाआरती सोमवार के संध्या किया गया। श्रद्धालुओं के जलाए गए दीपो कि रौशनी से कालीघाट जगमगा हो उठा।गंगा आरती में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु गण उपस्थित रहे और अलौकिक आरती का दर्शन, पुजन कर मंत्रमुग्ध हो गए। इस गंगा आरती के मुख्य यजमान छोटी कुमारी विधायक ने दीप प्रज्वलित कर गंगा आरती शुभारंभ किया। मंत्रोच्चार और आरती की लौ के साथ पूरा घाट गंगा आरती करते आचार्य जागरण दिव्यता और पवित्रता के प्रकाश से आलोकित हो उठा।इस महाआरती को संपन्न कराने में आचार्य अनिल, अर्जुन, अविनाश, आदित्य,राजा, विपिन, राजीव ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पुरदिलपुर चंवर में आग लगने से 10 बीघा से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के खानपुर पंचायत अंतर्गत पुरदिलपुर चंवर में बुधवार को अचानक गेहूं की खड़ी फसल में आग लग जाने से करीब 10 बीघा से अधिक भूमि पर लगी फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। घटना से क्षेत्र के किसानों में अफरा-तफरी मच गई।बताया जाता है कि आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की फसलों को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से तथा अग्निशमन गाड़ी आई तब आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, तब तक काफी नुकसान हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया सुधीर कुमार अकेला उर्फ गुड्डू राम मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित किसानों को हरसंभव सहायता दिलाने तथा सरकारी मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। बताया जाता है कि प्रभावित किसानों में अधिकांश छोटे और बंटाई पर खेती करने वाले किसान हैं, जो वर्षभर खेती पर ही निर्भर रहते हैं। आग की इस घटना से उनकी एक साल की मेहनत पर पानी फिर गया। कई परिवारों के सामने अब भरण-पोषण का संकट उत्पन्न हो गया है। घटना के बाद पीड़ित परिवारों में रोने-बिलखने का माहौल देखा गया।ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र जांच कराकर क्षति का आकलन करने तथा प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## नारी शक्ति का सम्मान ही सशक्त लोकतंत्र की असली पहचान- विधायक छोटी कुमारी



**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** छपरा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम एवं प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छपरा विधायिका छोटी कुमारी ने स्थानीय महिलाओं के साथ संवाद किया और केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए उठाए गए ऐतिहासिक कदमों पर प्रकाश डाला। ?प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायिका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में %नारी शक्ति वंदन अधिनियम% केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सपनों को नई उड़ान देने वाला संकल्प है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राजनीति और समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना ही एक सशक्त लोकतंत्र की असली पहचान है।?कार्यक्रम के दौरान विधायिका ने क्षेत्र में जनसंपर्क कर महिलाओं की समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय माताएं, बहनें और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए महिला सशक्तिकरण की इस मुहिम को घर-घर तक पहुँचाने का संकल्प लिया। पत्रकार वार्ता में जिला उपाध्यक्ष अनु सिंह, अधिवक्ता सुनीता कुमारी, प्रभारी संध्या सिंह, मोर्चा अध्यक्ष निलम सिंह, पुनम सिंह, सुनिता देवी, कंचन कुशवाहा इत्यादि बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## मढ़ौरा में जनगणना प्रगणक एवं प्रवेक्षक का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** केपी हाई स्कूल शिल्हौरी में जनगणना प्रगणक एवं प्रवेक्षक का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। सोमवार को प्रशिक्षण शिविर का मढ़ौरा एसडीएम निधि राज ने उद्घाटन किया। उद्घाटन के मौके पर एसडीएम ने कहा कि प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सत्र में पूरी प्रक्रिया की गहन अध्ययन और विवेचन जरूरी है, ताकि जनगणना कार्य सरल और सुगम तरीके से संपन्न कराया जा सके। इस मौके पर बीडीओ अभिषेक कुमार प्रभाकर ने कहा कि जनगणना का



कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है, कार्य के प्रति तन्मयता जरूरी है। जो अच्छे तरह से ट्रेनिंग लेंगे, उनके लिए ये कार्य सरल और सहज लगेगा। सत्र के पहले दिन 13 अप्रैल से 15 अप्रैल तक के पहले बैच में मास्टर ट्रेनरों में रूप में प्रमोद कुमार सिंह और पवन प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इस मौके मार मास्टर ट्रेनर प्रमोद सिंह ने बताया कि पहले बैच में 46 ट्रेनी शामिल है। जबकि 172इ172 ट्रेनी का दूसरा बैच 16 अप्रैल से 18 अप्रैल, तीसरा बैच 19 अप्रैल से 21 अप्रैल और चौथा बैच 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक प्रस्तावित है। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई जा रही है।इसके अंतर्गत घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करने की विधि, निर्धारित प्रपत्रों को सही ढंग से भरने के तरीके, तथा डेटा संकलन में गोपनीयता, पारदर्शिता एवं सटीकता बनाए रखने के उपायों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त डिजिटल माध्यम से गणना के लिए प्रतिभागियों को मोबाइल ऐप्लिकेशन एचएलओ की भी जानकारी दी जा रही है।

# सिवान : गांधी मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर गुटखा थूककर किया अपमान, रेलिंग तोड़कर ले गए असामाजिक तत्व

### कांग्रेस ने दिया धरना, प्रशासन पर उठाए सवाल,पुलिस ने शुरू की जांच




**परवेज अख्तर।** दैनिक खोज खबर/सिवान।शहर के गांधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा शर्मनाक हरकत किए जाने का मामला सामने आया है। प्रतिमा पर गुटखा खाकर थूक दिया गया, वहीं उसकी सुरक्षा के लिए लगी लोहे की रेलिंग को तोड़कर कुछ हिस्से को उखाड़कर ले जाया गया।घटना रविवार रात की बताई जा रही है। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों की नजर जब प्रतिमा पर पड़ी तो उन्होंने इसे साफ किया और मामले की जानकारी अन्य लोगों तक पहुंचाई। देखते ही देखते यह खबर पूरे इलाके में फैल गई, जिससे गांधीवादी विचारधारा से जुड़े लोगों में भारी आक्रोश देखा गया।घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता गांधी मैदान पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।सूचना मिलने पर प्रशासनिक स्तर पर भी हलचल तेज हुई। सदर एसडीओ आशुतोष गुप्ता से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि वे मुख्यालय से बाहर हैं और संबंधित मामले में एसडीपीओ से बात करने को कहा।वहीं एसडीपीओ ने मामले को टाउन थाना को सौंपा, जिसके बाद थाना प्रभारी अविनाश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रतिमा की सफाई और पेंटिंग का कार्य थाना प्रभारी की मौजूदगी में कराया गया। नगर परिषद की ओर से भी क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कराने की बात कही गई है।पुलिस ने बताया कि मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और दोषियों की पहचान कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।धरने पर बैठे लोगों ने मांग की कि गांधी मैदान में प्रतिमा की सुरक्षा के लिए स्थायी रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और रखरखाव की बेहतर व्यवस्था की जाए।साथ ही यह भी कहा गया कि गांधी मैदान का व्यावसायिक उपयोग (कमर्शियल यूज) बंद किया जाए,ताकि ऐसे घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।मरम्मत व पुनः पेंटिंग के बाद प्रतिमा का वर्तमान स्वरूप

## हत्याकांड का अभियुक्त खेलाड़ी सिंह गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**परवेज अख्तर/सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के सतवार गांव निवासी हत्या कांड के नामजद अभियुक्त बिभू सिंह उर्फ खेलाड़ी सिंह को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर रविवार की देर रात्रि घर से गिरफ्तार कर लिया। जिसे पुलिस ने पूछताछ कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी अनुसार 18 जून 2024 को बड़हरिया थाना क्षेत्र के तिलसंडी गाँव निवासी चंदन यादव को उसके घर से बुला कर सतवार गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की घटना को लेकर मृतक के दादा ने जीबी नगर थाना कांड संख्या 311/24 दर्ज करवाते हुए सतवार गांव के बिभू कुमार सिंह उर्फ खेलाड़ी सिंह समेत आधा दर्जन को नामजद किया था। दर्ज कांड के नामजद आरोपित अंकित सिंह, चिन रजक और मनीष यादव को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दी गई थी। इस संदर्भ ने थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दर्ज कांड के अभियुक्त विभू सिंह उर्फ खेलाड़ी सिंह को पुलिस अभिरक्षा में सोमवार को जेल भेज दिया गया। वहीं दर्ज कांड के अन्य नामजद फरार अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## 23 फरियादियों ने सुनाई पीड़ा एसपी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में सोमवार को जनता दरबार लगाया गया। एसपी ने उपस्थित 23 लोगों की फरियादें सुनीं। जनता दरबार में सर्वाधिक मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए थे। इनमें दो दर्जन से ज्यादा मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही। उन्होंने एक-एक कर जनता दरबार में आए सभी फरियादियों की फरियाद सुनी। एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक क्रियार्थ हेतु संबंधित थानाध्यक्ष को आदेशित किया गया।

## बाइक दुर्घटना में युवक घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बसोही गांव में अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक के सामने बच्चे के आ जाने से बाइक सवार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। घायल बनसोही गांव निवासी आयुष सिंह पिता रमेश सिंह हैं। इलाज के लिए प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सीताराम पांडेय के क्लीनिक में भर्ती कराया गया। परिजनों ने बताया कि बाइक से बाजार जा रहा था कि अचानक सड़क पर बच्चे के आ जाने से बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## चोरी की बाइक बरामद

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** गौरा पुलिस ने चोरी की बाइक को आवरी से बरामद कर लिया है। उक्त बाइक नेथुआ गांव से 03 अप्रैल की रात्रि में दरवाजे से बाइक चोरी हो गई थी। जिसको लेकर नेथूआ निवासी राजकुमार राय ने बाइक चोरी की शिकायत गौरा थाना में दर्ज कराया था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध अनुसंधान करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साथ ही चोरों के निशानदेही पर मढ़ौरा थाना क्षेत्र के आवरी गांव स्थित मक्के के खेत से उसका पार्ट्स बरामद किया है।

## शराब निर्माण के अड्डा पर छापेमारी

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के तरवारा, पचरहठा व सिकंदर पुर गांव में शराब निर्माण और बिक्री के अड्डा पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने रविवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पचरहठा और सिकंदर पुर गांव में शराब निर्माण के अड्डा से हजारों लीटर अर्द्धनिर्मित शराब को नष्ट करते हुए 235 लीटर देसी और चार लीटर विदेशी शराब के साथ शराब बनाने का उपकरण जब्त कर लिया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद शराब को लेकर तरवारा कूर्म टोला गांव निवासी दिलीप साह समेत पचरहठा और सिकन्दर पुर गांव के आधा दर्जन से अधिक शराब तस्करों को चिह्नित करते हुए नामजद प्राथमिकी की गई है। उन्होंने बताया कि सभी नामजद अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## शिक्षिका से चेन की छिनतई

**सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र स्थित वीएमएच विद्यालय में कार्यरत एक शिक्षिका से विद्यालय परिसर से एक बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाश सोमवार को उनके गले से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए। पीड़ित शिक्षिका थाना क्षेत्र के एलआईसी कार्यालय के समीप महादेवा निवासी सूरज कुमार की पत्नी अर्चना कुमारी है। वह प्रतिदिन की तरह सुबह पौने सात बजे अपनी ड्यूटी के लिए विद्यालय परिसर में पहुंची। उसी समय एक बाइक पर सवार दे बदमाशों ने उसके लगे में पहने सोने की चेन की छिनतई कर भाग गए।

# नारी शक्ति वंदन अभियान महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान को नई दिशा देने वाला – प्रदेश मंत्री




**परवेज अख्तर/सिवान।** नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत सोमवार को भाजपा द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके अधिकारों और समाज में उनकी भागीदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री चांदनी पांडेय ने अपने विचार रखते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान को नई दिशा देने वाला अभियान है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान सहित कई योजनाओं ने महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाया है। वहीं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता जायसवाल ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है और सरकार की योजनाओं से उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। नगर परिषद की उपसभापति किरण गुप्ता ने अपने विस्तृत वक्तव्य में कहा कि आज महिलाओं की भूमिका केवल घर तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वे समाज, राजनीति और प्रशासन हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। कहा कि स्थानीय निकायों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से जमीनी स्तर पर विकास कार्यों में पारदर्शिता और संवेदनशीलता आई है। डा. बैष्णवी बरनवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सोच है, जो महिलाओं को आत्मविश्वास और सम्मान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। महिला मोर्चा जिला प्रभारी उषा बैठा, सुमइया स्वेब, अर्चना गुप्ता, नीलम मिश्रा, अलका गुप्ता, मोनिका राज इत्यादि लोग उपस्थित रही।

## 14 माह पूर्व आभूषण दुकान लूटकांड के एक बदमाश अरमान गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** भगवानपुर हाट थाना मुख्यालय के भगवानपुर गांव स्थित भगवानपुर- सोंधानी मार्ग पर 14 माह पूर्व 25 फरवरी 2025 को दिन दहाड़े हथियार के बल पर आभूषण व्यवसाई की दुकान में लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। बदमाश नकाब में थे। इस घटना के बाद पुलिस आभूषण व्यवसाई अच्छेलाल साह के आवेदन पर करीब 12 लाख रुपये से अधिक आभूषण लूट की घटना की प्राथमिकी की थी। इसमें आठ अज्ञात बदमाशों को आरोपित किया गया था। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह निर्देश पर कांड के आइओ दुर्गा प्रसाद यादव टीम के साथ लूटकांड में संलिप्त सारण के इसुआपुर थाना क्षेत्र के नवादा निवासी अरमान को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है तथा सोमवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया गिरफ्तार बदमाश अरमान इसुआपुर थाना क्षेत्र में भी लूटकांड का आरोपित था। उन्होंने बताया कि इस पर आर्म्स एक्ट, शराब तस्करी आदि का भी आरोप है।उन्होंने बताया कि अरमान भगवानपुर आभूषण लुट कांड में अपनी संलिप्तता इसुआपुर थाने में भी स्वीकार किया था ।

## तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर ने स्कूली वाहन में मारा टक्कर

**गुठनी (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सेलौर गांव के समीप गुठनी- दरौली मुख्य मार्ग पर सोमवार की सुबह अनियंत्रित ट्रेलर ने निजी स्कूल की बस में टक्कर मार दिया। इस घटना में बस में सवार छात्रों में से छह छात्र आंशिक रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि दरौली की तरफ से आ रहा ट्रेलर विपरीत दिशा में जाकर स्कूल बस में टक्कर मार दिया जिसमें बस में सवार बच्चों में आधा दर्जन बच्चे आंशिक रूप से घायल हो गए। बच्चों के रोने और चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण, दुकानदार और राहगीर पहुंचे और बस में फंसे बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल पहुंचाया जहां सभी बच्चों इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घायल बच्चों में गोल्डन यादव, नैतिक कुशवाहा, अरशद कमर, पीयूष यादव, मोहित यादव, जाहिद अंसारी को मामूली चोट लगी थी। सूचना मिलने के तुरंत थानाध्यक्ष सुनील कुमार, एसआइ निरंजन कुमार और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस का कहना था कि घटना में बस सवार सभी छात्र सुरक्षित हैं।

